वर्ष	आशय पत्र	औद्योगिक लाइसेंस	लाइसेंस मुक्त उद्योग को पंजीकरण	तकनीकी विकास महानिदेशालय पंजीकरण
1985	78	43	67	80
1986	67	28	132	59
1987*	62	20	78	80

*वर्ष 1987 तक, महाराष्ट्र को 49927 (अनंतिम) स्थायी लघु उद्योग पंजीकरण जारी किये गये हैं (पिछड़े क्षेत्र सहित)

(ङ) ये जिले केन्द्र सरकार द्वारा औद्योगिक रूप से पिछड़े जिले नहीं माने गये हैं और ये केन्द्रीय राजसहायता के पात्र नहीं है।

महाराष्ट्र में अंकीय इलैक्ट्रानिक दूरभाष केन्द्र

1220. **श्री विश्वासराव पाटिल** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चालू वर्ष के दौरान महाराष्ट्र में किन-किन स्थानों पर अंकीय (डिजिटल) इलेक्ट्रानिक दूरभाष केन्द्र स्थापित किये गये हैं या स्थापित किये जाने का विचार है ;

(ख) क्या सांगली, सतारा और कोल्हापुर में ऐसे अंकीय इलेक्ट्रानिक दूरभाष केन्द्र स्थापित किये जाने का कोई प्रस्ताव है ; और

(ग) यदि हां, तो वे कब तक स्थापित कर दिये जायेंगे ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री गिरधर गोमांगो) : चालू वर्ष के दौरान महाराष्ट्र में जिन डिजिटल इलेक्ट्रानिक एक्सचेंजों को स्थापित किया गया है/स्थापित करने का प्रस्ताव है उनकी एक सूची विवरण-I में दी गई है (नीचे देखिये)।

(ख) और (ग) सांगली, सतारा और कोल्हापुर में इलेक्ट्रानिक टेलीफोन एक्सचेंज स्थापित करने प्रस्ताव विवरण-II में दिए गए हैं।

विवरण-I

क. वर्ष 1988-89 (31-10-88 तक) के दौरान महाराष्ट्र में चालू किए गए इलैक्ट्रानिक एक्सचेंज———शून्य

ख. 1988-89 के दौरान चालू किए जाने वाले प्रस्तावित इलैक्ट्रानिक एक्सचेंज : —

क्र० सं०	एक्सचेंज का नाम	एक्सचेंज की किस्म
1.	परवरनगर	एन० ई० ए० एक्स 61 एस
2.	माहाड	—वही—
3.	श्रीवर्धन	512 पोर्ट आई० एल० टी०

क्रम सं०	एक्सचेंज का नाम	एक्सचेंज की किस्म
4.	करजात	512 पोर्ट आई० एल० टी०
5.	नागोथाणे	—वही—
6.	पुणे	ई 10-बी
7.	नागपुर	ई 10—बी
8.	सोमेश्वरनगर	128 पोर्ट सी—डॉट आर० ए० एक्स०
9.	खादालेझुंसी	—वही—
10.	लसूना	—वही—
11.	बोरी	—वही—
12.	वारसीजिले	—वही—
13.	कोलाड	—वही—
14.	पाराली	—वही—
15.	बोरलीमंडला	—वही—
16.	चौक	—वही—
17.	अजीवाली	—वही—
18.	अश्ती	—वही—
19.	देवली	—वही—
20.	करांजा	—वही—
21.	सिंधी	—वही—
22.	समुद्रपुर	—वही—
23.	मजरीखादान	—वही—
24.	सिंदवाही	—वही—
25.	कोंडपिपरी	—वही—
26.	नागभीर	—वही—
27.	भद्रावती	—वही—

नोट :—इन एक्सचेंजों के चालू वित्तीय वर्ष के दौरान किए जाने की संभावना है बशर्ते कि इसके लिए उपस्कर और संसाधन उपलब्ध हों ।

विवरण-II

क्र० सं०	एक्सचेंज का नाम	मौजूदा एक्सचेंज	इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज का प्रस्ताव
1.	सांगली		1991-92 में 2000 लाइनों का सी-डॉट एम ए एक्स ।
2.	कोल्हापुर		1991-92 में 5000 लाइनों का ई-10 बी ।
3.	सतारा	मैक्स-II.	इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज का कोई प्रस्ताव नहीं है । फिर भी 1991-92 में 2000 लाइनों का क्रासबार (आई सी ओ) एक्सचेंज चालू करने की योजना है ।

टिप्पणी :—1. जो वर्ष दर्शाया गया है, वह एक्सचेंज चालू करने के लिए है ।

2. एक्सचेंज चालू करना उपकरण उपलब्ध होने पर निर्भर करेगा ।

महाराष्ट्र में ताप बिजली केन्द्रों की स्थापना

1221 **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल** : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) महाराष्ट्र में किन-किन स्थानों पर इस समय ताप बिजली केन्द्रों की स्थापना का कार्य चल रहा या निकट भविष्य में आरंभ किये जाने की संभावना है ; और

(ख) इन स्थानों पर इस कार्य के कब तक पूरा हो जाने की संभावना है ?

ऊर्जा मंत्रालय में विद्युत विभाग में राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) और (ख) महाराष्ट्र में उन ताप विद्युत संयंत्रों की स्थापना संबंधी स्कीमों के बारे में सूचना संलग्न विवरण में दी गई है जिनमें इस समय कार्य चल रहा है अथवा उनके चालू होने की आशा है (नीचे देखिये) ।

उरन गैस टर्बाइन अपशिष्ट ऊष्मा यूनिट-तीन (120 मेगावाट), चन्द्रपुर ताप विद्युत केन्द्र विस्तार यूनिट-सात (1×500 मैगावाट) और राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम के प्रस्तावित चन्द्रपुर ताप विद्युत केन्द्र के संबंध में कार्य, गैस/कोयला सहित सभी निवेशों के सुनिश्चित हो जाने और पर्यावरण संबंधी स्वीकृति सहित सभी आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त हो जाने के बाद ही चालू किया जा सकेगा ।

विवरण

क्रम सं०	स्कीम का नाम	क्षमता (मेगावाट)	चालू करने का संभावित कार्यक्रम	
1.	चन्द्रपुर चरण-III यूनिट 5 और	2×500	यूनिट-5	11/90
	और 6		यूनिट-6	5/91